# **माह नवम्बर, 2021**

**दिनांक 02.11.2021 को तहसील पुरोला के ग्राम सिरगा के पूर्ति तोक में एक घर पर आग** लगने की सूचना प्राप्त होते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राजस्व टीम एंव फायर सर्विस से समन्वय घटना स्थल हेतु रवाना किया गया। त्वरित गति से कार्यवाही कर आग को काबू किया गया। ग्राम सिरगा के प्रभावित परिवारों को आवश्यक राहत, खाद्यान्न/बर्तन आदि सामग्री उपलब्ध करायी गयी।

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | नग/मात्रा | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | रजाई | 10 | |
| 2 | गद्दे | 10 | |
| 3 | कम्बल | 10 | |
| 4 | टैन्ट | 05 | |
| 5 | लालटेन | 05 | |
| 6 | आटा | 10 किग्रा प्रति परिवार | |
| 7 | चावल | 10 किग्रा प्रति परिवार | |
| 8 | दाल | 02 किग्रा प्रति परिवार | |
| 9 | तेल | 10 किग्रा प्रति परिवार | |
| 10 | नमक | 01 किग्रा प्रति परिवार | |
| 11 | चीनी | 01 किग्रा प्रति परिवार | |
| 12 | चाय | 01 किग्रा प्रति परिवार | |
| 13 | साबुन | 02 नहाने के 1 कपडे धोने का प्रति परिवार | |
| 14 | मोमबत्ती | 1 पैकेट प्रति परिवार | |
| 15 | मसाला | 300 ग्राम प्रति परिवार | |
| 16 | प्रेशर कुकर | 06 | |
| 17 | बगोने | 06 | |
| 18 | थाली | 14 | |
| 19 | गिलास | 14 | |
| 20 | मग | 06 | |
| 21 | फराईपैन | 06 | |
| 22 | करछी | 06 | |
| 23 | केन | 06 | |


ग्राम सिगता के उक्त छः प्रभावित परिवारों को अहेतुक सहायता मद में 3800-3800 रूपये की राहत राशि वितरित की गई है।

<u>**जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा श्री गंगोत्री धाम एवं श्री यमुनोत्री**</u> धामों स्थापित सी0सी0टी0वी0 के माध्यम से नियमित रूप से धामों में भीड़/आपदा/कोविड–19 के संक्रमण की रोकथाम सम्बन्धी कार्यों हेतु निगरानी की गयी। दिनांक 05 नवम्बर, 2021 को श्री गंगोत्री मन्दिर एवं दिनांक 06 नवम्बर, 2021 को श्री यमुनोत्री धाम के कपाट शीताकाल हेतु बन्द होने सम्बन्धी कार्यों में आवश्यक समन्वय किया गया।

**श्री गंगोत्री धाम एवं श्री यमुनोत्री धाम में वर्ष 2021 में 18 सितंबर, 2021 कपाट बन्द होने की तिथि तक आये यात्रियों की कुल संख्या–**

**•श्री गंगोत्री– 33166**

**•श्री यमुनोत्री– 33306**




<u>**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में Emergency Evacuation & Medical**</u> Intervetion by hiring Helicopter की सेवाओं हेतु आवश्यक प्रोटोकॉल्स प्लान के द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में गर्भवती महिलायें, गम्भीर रोगियों को जो सड़क दुर्घटना एवं प्राकृतिक आपदाओं में प्रभावित हुये है एवं अन्य प्रकार के गम्भीर रोगी जिनकों Emergency Evacuation & Medical Intervetion by hiring Helicopter की आवश्यकता है को निःशुल्क हैलीकॉप्टर प्रदान किये जाने का प्राविधान के अन्तर्गत जनपद अन्तर्गत हृदयघात (हार्ट अटैक) से प्रभावित व्यक्ति को चिकित्साधिकारी, उत्तरकाशी की स्वीकृति पर शासन से समन्वय कर हैली एम्बुलेंस के माध्यम से हायर सेंटर भेजा गया। इसके अतिरिक्त समय–समय पर सड़क दुर्घटना एवं प्राकृतिक आपदाओं में प्रभावित एवं अन्य प्रकार के गम्भीर रोगियों को चिकित्सक के परामर्श के अनुसार हैली एम्बुलेंस से भेजे जाने सम्बन्धित कार्यों को समन्वय किया जाता है।

**दिनांक 8.11.2021 को भागीरथी नदी मे जोशियाडा पुल से एक व्यक्ति की नदी में बहने की** सूचना प्राप्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एस0डी0आर0एफ0, फायर सर्विस, मास्टर ट्रेनर, क्यू0आर0टी0 टीम कि द्वारा दिनांक 09 से 11.11.2021 तक नदी में सर्च अभियान किया गया। दिनांक 28.11.2021 को लापता व्यक्ति के परिजनों के अनुरोध पर पुनः उक्त लापता की खोज–बीन की गयी । एस0डी0आर0एफ0 की गोताखोर टीम की तैनाती गयी। उपमहाप्रबन्धक, यू0जे0वी0एन0उल मनेरी/जौशियाडा डैम से समन्वय कर मनेरी डेक का पानी रोका गया था तथा जोशियाडा झील का पानी पूरा खाली करवाया गया जिसके पश्चात उक्त टीमों और उनके परिजनो द्वारा खोज बीन कार्य किया गया।



















**दिनांक 9.11.2021 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग कुथनोर के पास मलवा/बोल्डर आने के कारण** मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय किया गया उक्त स्थान पर 01 पोकलैंड, 01 जे0सी0बी0 मशीन के द्वारा मार्ग को सुचारु करवाया गया।





***मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तराखण्ड सरकार द्वारा दिये गये निर्देशानुसार उत्तराखण्ड राज्य*** स्थापना दिवस 2021 (उत्तराखण्ड महोत्सव) के अवसर पर जनपद अन्तर्गत कोविड–19 संक्रमण के रोकथाम सम्बन्धी कार्यों, आपदा/दुर्घटना में त्वरित गति के खोज–बचाव में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों/कार्मिकों/स्वयंसेवी संस्थाओं एवं नागरिकों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसे अतिरिक्त जनपद का राज्य, राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति बढ़ा कर विभिन्न क्षेत्रों में अद्वितीय योगदान हेतु " **उत्तरकाशी गौरव सम्मान** " एवं जनपद अन्तर्गत कृषि/उद्यानिकी/ मत्स्य पालन/स्वरोजगार आदि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यों हेतु उद्यमियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस 2021 (उत्तराखण्ड महोत्सव) के अवसर पर लाभान्वित किये जाने एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

***उत्तराखण्ड राज्य*** **स्थापना दिवस 2021 (उत्तराखण्ड महोत्सव) के अवसर पर जनपद आपदा प्रबन्धन** प्राधिकरण द्वारा मास्टर ट्रेनर, त्वरित कार्यवाही दल एवं एस0डी0आर0एफ0 के सहयोग से आडिटॉरियम हॉल में आयोजित उत्तराखण्ड महोत्सव में अन्य विभागों के साथ आपदा प्रबन्धन सम्बन्ध प्रदर्शन प्रारूप लगवाया गया। जिसके द्वारा आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी बचाव एवं भूकम्परोधी भवन निर्माण आदि की जानकारी आमजनमानस को दी गयी।









**<u>दिनांक 9.11.2021 को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण</u>** द्वारा राजकीय इण्टर कालेज जोशियाडा उत्तरकाशी के एन0सी0सी0 छात्र–छात्राओं को एक दिवसीय आपदा प्रबन्धन जानकारी एंव भूकम्प सम्बन्धी मॉक अभ्यास प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एन0सी0सी0 छात्र–छात्राओं/विद्यालय के अन्य कार्मिक एवं आपदा प्रबन्ध से मास्टर ट्रेनर/त्वरित कार्यवाही दल आदि मौजूद रहें।

उत्तरकाशी

## उत्तरकाशी मे 69 छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी जानकारी एवं भूकम्प सम्बन्धी मॉक अभ्यास का प्रशिक्षण

By **Devbhoomikhabar** - 16 0
*November 9, 2021*










***<u>दिनांक 19.11.2021 को तहसील भटवाडी के मुस्टिकसोड अंतर्गत एक मैक्स दुर्घटनाग्रस्त हुयी</u>*** जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित किया गया। वाहन में कुल 01 व्यक्ति सवार थें। जिनकी घटना स्थल पर ही मृत्यू हो गयी। ओर 108 के माध्यम से जिला चिकित्यालय लाया गया।

**<u>दिनांक 18.11.2021 को निर्माण खण्ड लो0 नि. वि0 चिन्यालीसौड का धरासू देवीसौड मल्ली</u>** जोगत ग्रामीण मोटर मार्ग किमी0 11 पर स्थान हडियाडी में भू–धसाव हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा  निर्माण खण्ड एंव सम्बन्धित अन्य से समन्वय किया गया सुरक्षित के दृष्टिगत वाहनो का अवगमन रोका गया इसके अतिरिक्त उक्त स्थान पर मार्ग चौडीकरण एंव पहाड कटान का कार्य किया गया उक्त स्थान पर यमुनोत्री विधायक जिलाधिकारी महोदय, आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा कार्य का निरीक्षण किया गया।













**<u>उक्त मार्ग बाधित होने के कारण गमरी एवं डिचली क्षेत्र के लगभग 30 ग्रामों की आवादी</u>** प्रभावित हुयी । उक्त गमरी डिचली क्षेत्र में आवश्यक सेवाओं/आपात स्थिति में हेतु गमरी एवं डिचली क्षेत्र मुख्य बाजार, ब्लॉक एवं तहसील मुख्यालय चिन्यालीसौड तक स्यांसू से कमान्द होते हुये सुरक्षित आवागमन कराये जाने हेतु स्यासू पुल के समीप टिहरी झील में पुनर्वास निदेशक, टिहरी डेम से समन्वय कर टी0एच0डी0सी0 के सहयोग से आवश्यक सुरक्षा उपकरण के साथ नाव संचालित की गयी। मार्ग को 28.11.2021 को यातायात हेतु सुचारु किया गया।





**दिनांक 23.11.2021 को बड़ेथी चुंगी के पास एन.आई.डी.सी.एल. कंपनी के माध्यम से बनाई जा** रही ओपन टनल का निर्माण किया जा रहा है । जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबन्धन अध्किारी, जय प्रकाश पंवार सहा0कंस0 एंव मास्टर टैनर द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया गया तथा कार्यदायी संस्था के डायरेक्टर से कार्य की जानकारी ली गयी।









<u>**दिनांक 29.11.2021 जनपद में शीत ऋतु के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाओ हेतु जिलाधिकारी**</u> महोदय की अधक्षता में जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की बैठक आहूत की गयी बैंठक में शीतकाल में शीतलीरी के प्रकोप से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थानों पर निःशुल्क अलाव जलाने एवं निराश्रित एवं असहाय व्यक्तियों को ठंड के प्रकोप से बचाने हेतु निःशुल्क कम्बल एवं रेन बसेरा आदि की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये।




**शीतलीरी के प्रकोप से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थानों पर निःशुल्क अलाव जलाने एवं निराश्रित एवं असहाय व्यक्तियों को ठंड के प्रकोप से बचाने हेतु कम्बल वितरण हेतु धनराशि वितरित की गयी–**

| क्रं.सं. | तहसील का नाम | अलाव हेतु धनराशि का आवंटन (रू0 में) |
|---|---|---|
| 1 | भटवाडी | 40,000.00 |
| 2 | डुण्डा | 40,000.00 |
| 3 | चिन्यालीसौड | 40,000.00 |
| 4 | बडकोट | 40,000.00 |
| 5 | पुरोला | 40,000.00 |
| 6 | मोरी। | 40,000.00 |
| 7 | उप तहसील, जोशियाडा | 30,000.00 |
| 8 | उप तहसील, धौन्तरी | 30,000.00 |
| **योग** | | **4,00,000.00** |

**रैनबसेरों का विवरण–**

| क्रम संख्या | नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | चिन्यालीसौड | 01 |
| 2 | बडकोट | 01 |
| 3 | पुरोला | 01 |
| 4 | उत्तरकाशी | 01 |

**इसके अतिरिक्त सड़क सम्बन्धित विभागों को राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य ग्रामीण यातायात** मार्गों के बर्फवारी / पाला पड़ने वाले स्थानों आदि क्षेत्रों में आवश्यक मात्रा में चूना आदि की पर्याप्त व्यवस्था एवं भूस्खलन से संवेदनशील स्थानों पर सक्षम अधिकारी एवं आवश्यक मशीनरी (जेसीबी / पोकलैण्ड / डोजर आदि) तथा मजदूरों की तैनाती रखी गयी है।

**विवरण**

| क्रम संख्या | विभाग / खण्ड का नाम | बर्फवारी / पाला पड़ने से प्रभावित क्षेत्र | तैनात मशीनरी |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमा सड़क संगठन | गंगनानी से भैरवघाटी, गंगोत्री तक | 02 जेसीबी, 1 व्हील लोडर0 03 डोजर, 245 मजदूर |
| 2 | राष्ट्रीय राजमार्ग, बडकोट | राडी टॉप, स्यानाचट्टी | 02 जेसीबी, चूना / नमक एवं मजदूर |
| 3 | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, भटवाडी | धनसाली–टिलवाडा मार्ग सहित कुल 06 मार्ग | 02 जेसीबी, चूना / नमक एवं 40 मजदूर |
| 4 | लो0नि0वि0 बडकोट। | कुवा–कफनोल–राडी, फूलचट्टी–जानकीचट्टी मार्ग व खरसाली हैलीपैड | 03 जेसीबी, चूना / नमक एवं मजदूर |
| 5 | लो0नि0वि0, पुरोला | त्यूनी–पुरोला, मोरी–नेटवाड –सांकरी–जखोली सहित अन्य 07 ग्रामीण मार्ग | 04 जेसीबी, 01 बॉबकट, 01 टिप्पर, 01 ट्रक चूना / नमक एवं मजदूर |

**उच्च हिमालीय क्षेत्रों में आवाजाही जनपद के वन क्षेत्रान्तर्गत व अन्य ट्रैक मार्गों पर बर्फवारी की सम्भावना के दृष्टिगत कठिन व अत्यधिक ऊचॉई वाले मार्गों पर किसी भी ट्रैकर्स को न** जाने दिया जाय। इसके अतिरिक्त सरल व कम ऊचॉई वाले ट्रैक मार्गों पर ट्रैकिंग के दौरान पर्याप्त सावधानियॉ / सुविधा एवं एतिहात वरते जाने के निर्देश के साथ भेजा जाय।

**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा** कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण के दृष्टिगत गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा में COVID Restrictions/कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु निर्गत दिशा–निर्देशानुसार कोविड नियंत्रण की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त विभिन्न बैठक आदि में प्रतिभाग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त निर्वाचन सम्बन्धी बैठक में प्रतिभाग किया गया है।